राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से 'अर्थ आवर डे' में सहभागिता की अपील की

राजभवन में शनिवार रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक बंद रहेंगे बिजली उपकरण

जयपुर, 22 मार्च। अर्थ आवर डे (23 मार्च) पर शनिवार को राजभवन में रात्रि 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सभी गैर–जरूरी विद्युत प्रकाश उपकरण बंद रखे जाएंगे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आम जन से भी अपील की है कि एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखकर अर्थ आवर डे में सभी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि इससे सामूहिक तौर पर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में हम सार्थक पहल कर पाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह हम सबकी महती पहल होगी।

उल्लेखनीय है कि बिजली बचाने के मकसद से दुनियाभर में विश्व भर में 'अर्थ आवर डे' मनाया जाता है। यह अर्थ ऑवर वर्ल्ड वाइड फंड (WWF) का एक अभियान है। इसका मकसद लोगों को बिजली के महत्व के प्रति और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है।

–––––